तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 18.4 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, मंगलवार, 7 अक्टूबर 2025

11 रेलवे और किला रोड पूरी तरह हुआ जलमग्न ...



12 बरसात व सरकारी खरीद की कमी ने किसानों का ..






## शहर में आज

- अंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर का आयोजन।
- इनेलो नेता अभय सिंह चौटाला कार्यकर्ताओं की मीटिंग लेंगे।
- रोडवेज डिपो में कर्मचारियों की मीटिंग।

## खबर संक्षेप

### डॉ. जगदीप अर्थशास्त्र विभाग के अध्यक्ष बने

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने अर्थशास्त्र विभाग के सहायक प्रोफेसर डा. जगदीप कुमार को अर्थशास्त्र विभाग का अध्यक्ष मनोनीत किया है। कुलसचिव डा. कृष्णकांत ने बताया कि बतौर अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डा. जगदीप कुमार की नियुक्ति तुरंत प्रभाव से तीन वर्ष हेतु की गई है।

### ड्रोन इमेजिंग ट्रेनिंग के लिए 10 तक करें आवेदन

**रोहतक।** अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने बताया कि हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम द्वारा ड्रोन इमेजिंग एंड इंफोरमेशन सर्विस ऑफ हरियाणा लि. (डीआरआईएसएचवाईए) के माध्यम से अनुसूचित जाति के पुरूष व महिला अभ्यार्थियों को ड्रोन पायलेट एवं ड्रोन इमेजिंग ट्रेनिंग के लिए 10 अक्टूबर तक आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं।

### दो युवकों को अवैध हथियार सहित किया गिरफ्तार

**रोहतक।** अपराध पर नकेल कसने के लिए पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में सीआईए-1 स्टाफ की टीम ने गश्त के दौरान अलग-अलग स्थानों से दो युवकों को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो देसी पिस्तौल और एक जिंदा रौंद बरामद किया है। दोनों के खिलाफ अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं। सीआईए-1 प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि पहली कार्रवाई में मुख्य सिपाही योगेन्द्र के नेतृत्व में टीम आईएमटी क्षेत्र में गश्त पर थी।

**सांपला के गांव गिझी में वारदात:** परिवार ने पुलिस को शव उठाने से रोका

# पहले गली में दोस्त के साथ शराब पी, फिर कुल्हाड़ी मारकर की हत्या

**आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी के आश्वासन पर परिजन माने**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

कस्बे के गांव गिझी में सोमवार को दोस्त ने ही एक व्यक्ति की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी गई। इससे पहले आरोपी ने अपने दोस्त के साथ उसके मकान के बाहर बैठक शराब भी पी। इस दौरान मौका मिलते ही दोस्त की जान ले ली। वारदात को अंजाम देकर आरोपी फरार हो गया। मृतक के परिजनों ने रोष जताते हुए पुलिस को शव नहीं उठाने दिया और आरोपी को पकड़ने की मांग की। कई घंटों की मशक्कत के बाद पुलिस ने देर शाम शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पीजीआई भिजवाया। वारदात से गांव में मामत पसरा हुआ है।



मृतक का फाइल फोटो।



**रोहतक।** शव की जांच करतीं एफएसएल टीम इंचार्ज डॉ सरोज दहिया व पुलिस अधिकारी।

### मोबाइल पर झगड़ा

"आरोपी पवन और मृतक प्रदीप पुराने दोस्त हैं। आरोपी अक्सर प्रदीप के घर आता था। वह आज दोनों सुबह से ही प्रदीप के मकान के बाहर बैठकर शराब पी रहे थे। इस दौरान आरोपी ने कुल्हाड़ी से प्रदीप की हत्या कर दी और फरार हो गया। अभी तक आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया जा सका है। मामले की गहनता से जांच पड़ताल चल रही है। शुरूआती जांच में मोबाइल को लेकर झगड़े की बात सामने आ रही है।

-**राकेश कुमार**, डीएसपी सांपला

### बेटे के साथ अकेले रह रहा था

जानकारी के अनुसार, गिझी गांव का प्रदीप (40) मजदूरी करता था। जबकि उसका दोस्त पवन बेरोजगार है। प्रदीप और पवन की पत्नियां उन्हें छोड़कर मायका जा चुकी हैं। प्रदीप के माता पिता और भाई की भी मौत हो चुकी है। वह अब अपने 12 साल के बेटे के साथ अकेला रहता था। इसी गांव का पवन उर्फ काला अक्सर प्रदीप के मकान पर आते जाते रहता था। सोमवार की सुबह भी पवन प्रदीप के घर पर आया। इसके बाद दोनों ने दोपहर तक एक साथ शराब पी।

### स्कूटी पर चक्कर लगा रहा था आरोपी

प्रदीप के चाचा बाग सिंह ने पुलिस को बताया कि आरोपी पवन सुबह उसके घर पर आया था। उसने शराब पी हुई थी। वह अनाप- सनाप बातें कर रहा था। फिर वापिस चला गया। वह दोबारा स्कूटी पर सवार होकर आया। जिसके पास कुल्हाड़ी थी। उसने कहा कुछ होगा। वह उसकी बात को नहीं समझा। कुछ देर बाद ही उसने प्रदीप की हत्या कर दी और स्कूटी पर सवार होकर मौके से फरार हो गया।

**दो चचेरे भाइयों की हत्या की गुत्थी सुलझी**

# परिचित ने ही की थी गला दबा कर हत्या, रिमांड पर लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

गांव किलोई निवासी दो चचेरे भाईयों की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने एक युवक की गला दबाकर हत्या की थी, जबकि दूसरे की मौत के असली कारणों का अभी पता नहीं चला है। पुलिस मामले में आरोपी से पूछताछ कर रही है। गांव किलोई निवासी 15 वर्षीय रिषभ और 13 वर्षीय रौनक अपने दोस्त वंश के साथ घर से बाहर गए थे। लेकिन दोनों चचेरे भाई रात भर घर वापस नहीं लौटे। 30 सितंबर को दोनों के शव नहर के पास मिले। इसमें एक का शव भालौठ ब्रांच नहर के पास मिला, जबकि दूसरे का शव किलोई हेड पर मिला। पुलिस ने दोनों के दादा की शिकायत पर केस दर्ज किया था।



भाइयों की हत्या करने वाला आरोपी वंश।

**शिवाजी कॉलोनी हत्या का मामला सुलझा**

# तीन नाबालिग युवक गिरफ्तार

**रोहतक।** शिवाजी कॉलोनी क्षेत्र में हुई जयदेव की हत्या के मामले में पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने वारदात को अंजाम देने वाले तीन नाबालिग युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अभिरक्षा में लेकर बाल न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया गया, जहां से उन्हें बाल सुधार गृह भेजने के आदेश दिए गए। पुलिस अब इस मामले की गहनता से जांच कर रही है ताकि घटना के पीछे की वजह और अन्य संभावित संबंधों का खुलासा किया जा सके। सुशील ने अपने बेटे जयदेव की हत्या को लेकर पुलिस को शिकायत दी थी। सुशील ने बताया कि उसका बेटा 5 अक्टूबर की सुबह रोज की तरह काम पर जाने के लिए घर से निकला था, लेकिन लौटा नहीं।

## रोहतक में 31, सांपला में 19 मिमी बारिश ने बढ़ाई किसानों की चिंता



**रोहतक।** चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय हिसार द्वारा किए गए पूर्वानुमान के मुताबिक रविवार की रात में मौसम में बदलाव आ गया था। सोमवार को रोहतक व इसके आसपास के क्षेत्रों में बरसात हुई। रोहतक मुख्यालय पर बीते 24 घंटे में 31 और सांपला में 19 मिलीमीटर बारिश दर्ज हुई है। इससे पहले भी सांपला में कुछ दिन पहले ही 20 मिलीमीटर बरसात हुई थी। महम,कलानौर और लाखनमाजरा खंड के किसान बेमौसमी बारिश से बचे रहे। मानासून की विदाई के बाद जब भी बारिश होती है तो ओलावृष्टि का खतरा हमेशा बना रहता है। बीते 18-20 घंटे से रुक-रुककर बारिश ने किसानों को परेशानी में डाल दिया है। जहां खेतों में फसल भीग रही है, वहीं मंडियों में भी ऐसा ही हाल है। पूर्वानुमान के मुताबिक 7 अक्टूबर के बाद मौसम साफ हो जाएगा। ध्यान रहे कि इस समय धान कटाई का सीजन प्रारंभ हो चुका है। ऐसे में खिली धूप की आवश्यकता है। ताकि किसान फसल की कटाई ठीक से कर सकें। और फसल में नमी की मात्रा भी सरकार द्वारा निर्धारित मानदंडों के मुताबिक रहे।

## एमडीयू में जूनियर रिसर्च फेलो के लिए वॉक-इन इंटरव्यू 13 अक्टूबर को

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर मेडिकल बायोटेक्नोलॉजी (सीएमबीटी) में हरियाणा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा वित्तपोषित शोध परियोजना के तहत जूनियर रिसर्च फेलो के चयन के लिए वॉक-इन इंटरव्यू 13 अक्टूबर को आयोजित किया जाएगा।

यह शोध प्रोजेक्ट 'सीक्रेटोग्लोबुलिन और लिपो पॉलीसैकेराइड इम्यूनोथेरपी ऑन लंग कैंसर' शीर्षक से सीएमबीटी की प्राध्यापिका डॉ. रश्मि भारद्वाज द्वारा संचालित है। पद के लिए योग्य उम्मीदवारों का चयन साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा। न्यूनतम योग्यता एमएससी मेडिकल बायोटेक्नोलॉजी/बायोटेक्नोलॉजी या संबंधित क्षेत्र में 55% अंक है, नेट/गेट धारक वांछनीय हैं। उम्मीदवार अपना आवेदन 11 अक्टूबर 2025 तक ईमेल आईडी bhardwajr ashmi3@ gmail. com पर भेज सकते हैं। वॉक-इन इंटरव्यू 13 अक्टूबर को निदेशक कार्यालय, सेंटर फॉर मेडिकल बायोटेक्नोलॉजी में आयोजित होगा।

**त्योहारों पर तैयारी** डीसी ने एसपी के साथ की यातायात को लेकर मीटिंग

# बाजारों में जाने वाले मार्गों पर होगी बैरिकेडिंग

- बाजारों में वाहनों की एंट्री पर भी लगेगी रोक
- बाजारों के आसपास के क्षेत्र में पार्किंग की व्यवस्था हो

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

त्योहारी सीजन में नगर के प्रमुख बाजारों में ट्रैफिक, पार्किंग व सुरक्षा व्यवस्था को सुनिश्चित किया जाएगा। बाजारों में ऐसी व्यवस्था की जाएगी, जिससे ग्राहकों व दुकानदारों को किसी भी तरह की कोई परेशानी ना हो। ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए बाजारों को जाने वाले मार्गों पर बैरिकेडिंग की जाएगी। यह आदेश उपायुक्त सचिन गुप्ता ने सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए जारी किए। उन्होंने साफ कहा कि बाजारों में वाहनों की एंट्री पर भी रोक लगाई जाएगी।



**सोमवार।** त्योहारों पर ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए लघु सचिवालय के सभागार में अधिकारियों की बैठक लेते उपायुक्त सचिन गुप्ता ।

### ये रहे मौजूद


बैठक में एसडीएम आशीष कुमार, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त मनजीत, लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता अरुण, व्यापारी नेता गुलशन निझावन, मॉडल टाउन एसोसिएशन के अजय व पवन मनौचा, मॉडल टाउन ट्रेडर्स एसोसिएशन के अमित गुलाटी, संदीप व सोमनाथ आदि उपस्थित रहे।

### अनावश्यक कट होंगे बंद

डीसी ने कहा कि प्रमुख बाजारों में वाहनों की एंट्री पर भी रोक लगाई जाएगी ताकि लोग आसानी से बाजारों में आवागमन करके सामान खरीद सके। इसके अलावा बाजारों के आसपास के क्षेत्र में पार्किंग व्यवस्था भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिला पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बिजारणिया ने निर्देश दिया कि प्रमुख मार्गों पर बनाए गए अनावश्यक कट को बंद किया जाए ताकि ट्रैफिक सुचारू रूप से चलती रहे। इसके साथ ही प्रमुख बाजारों में सीसीटीवी कैमरा भी लगाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि बाजारों में जेब तराशने व स्नेचिंग करने वाले तत्वों को पकड़ने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा।

### एएसपी की व्यापारियों के साथ बैठक

इधर एएसपी प्रतीक अग्रवाल की अध्यक्षता में नगर के विभिन्न बाजारों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में दुकानदारों को कहा गया कि त्यौहारी सीजन में व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन का सहयोग दें। इसके साथ ही दुकानदारों को बाजारों में अतिक्रमण न करने के भी निर्देश जारी किए गए। उन्होंने कहा कि दुकानदारों के सहयोग से त्यौहारी सीजन में बेहतर व्यवस्था स्थापित की जाएगी ताकि ग्राहकों और दुकानदारों दोनों को अच्छी सुविधा मिले। बैठक में दुकानदारों ने कहा कि पुलिस प्रशासन जो भी निर्णय लेगा व्यापारी उसका स्वागत करेंगे।





# दांपत्य जीवन में आस्था का उत्सव

करवा चौथ का पर्व स्त्रियों की आस्था और दांपत्य जीवन के प्रति उनके समर्पण के भाव को प्रतिबिंबित करता है। विवाहित स्त्रियां इस पर्व के जरिए चांद को साक्षी मानकर अपने रिश्तों को संजोने का संकल्प लेती हैं, जिसमें उनके परिवार के सदस्यों का अपनापन, स्नेह और संस्कृति-पूजन परंपराओं की सोंधी महक भी समायी होती है।

आवरण कथा

कल्पना मनोरमा

भारत में मनाए जाने वाले अनेक पर्वों में कुछ ऐसे भी हैं, जो सीधे स्त्री मन की गहराई को छूते हैं। करवा चौथ इन्हीं में से एक है। यह केवल एक दिन का व्रत नहीं, स्त्री के प्रेम, समर्पण और आस्था की आत्मिक निष्ठा है, जो हर वक्त उसके हृदय में बनी रहती है। हर वर्ष करवा चौथ का दिन स्त्रियों को याद दिलाता है कि रिश्तों की शक्ति केवल शब्दों या कथनों में नहीं, बल्कि भावनाओं, विश्वास और त्याग में निहित होती है।



### स्त्री के अस्तित्व की आत्मीय अनुभूति

करवा चौथ का व्रत, स्त्री के लिए केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, उसके अस्तित्व की वह आत्मीय अनुभूति है, जिसमें प्रेम, आस्था और समर्पण एक साथ बसते हैं। यह दिन उसे अवसर देता है कि वह अपने रिश्ते को साधारण दिनचर्या से उठाकर, एक ऊंचे भावलोक तक पहुंचा सके। चांद की शीतलता में जब एक स्त्री दीप-जल के साथ पति का मुखड़ा देखती है, तो ऐसा लगता है कि चांद भी उस दिन अपनी कोमल छटा में इतरा रहा है।

### स्त्री के भीतर छिपे अदृश्य सौंदर्य का उत्सव

भारतीय संस्कृति में व्रत और उपवास कोई भी कर सकता है, लेकिन त्याग-समर्पण का जिम्मा स्त्री ने अपनी पहचान और अधिकार बना लिया है। भारतीय स्त्रियां केवल व्रतों के माध्यम से ही नहीं, अपने हर कर्म और समर्पित प्रयास से परिवार को पोषित करती हैं। इसी क्रम में करवा चौथ स्त्री के भीतर छिपे उस अदृश्य सौंदर्य का उत्सव है, जो रिश्तों में नई ऊष्मा भरता है।

### घर और मन की सजावट

हमारे हर पर्व की अपनी अलग सुगंध, रंग-रूप और तैयारी होती है। करवा चौथ की तैयारियां भी केवल एक दिन पहले से शुरू नहीं होतीं, बल्कि इसकी मानसिक तैयारी तो बरसात के दिनों से ही शुरू हो जाती है। बरसात के बीतने के बाद, जैसे ही मौसम अपना रुख बदलता है, स्त्रियां धीरे-धीरे करवा चौथ की तैयारी की सोचने लगती हैं। घर की सबसे बड़ी या अनुभवी स्त्री की अनुमति लेकर युवा स्त्रियां घर में एक शांत और पवित्र कोना चुनती हैं। इसके बाद अल्पना बनाने का काम होता है। घर की सबसे कुशल और होशियार बहू को कुछ दिनों के लिए चौका-बर्तन से छुट्टी दे दी जाती है, ताकि वह ध्यानपूर्वक अल्पना बना सके। करवा की अल्पना में स्त्री ने सदैव प्रकृति को प्रमुखता दी है। उसने अपनी सहगामी परिधि में सूरज, चांद, सितारे, बरगद, पीपल, रिश्ते, भाई-बहन, देवरानी-जेठानी, मजदूर, गाय-बैल और किसान सबको बनाया और पूजा की। यह अल्पना केवल सजावट नहीं, बल्कि स्त्री के मन, उसकी कल्पना और उसके जीवन के छोटे-बड़े हिस्सों का प्रतिबिंब भी होती है।

### अपनत्व से दमकता स्त्री मन

जब करवा चौथ का व्रत आता, तो उसकी पहली रात घर की बड़ी-बूढ़ी स्त्रियां खीर, हलुआ और अन्य मिठाइयां तैयार करती हैं। चाहे दिन भर कितनी भी व्यस्तता क्यों न हो, कुछ मीठा अवश्य बनता है, ताकि व्रती स्त्री खा सके। क्योंकि मीठा खाने से प्यास नहीं लगती और दूसरा दिन ऊर्जावान बना रहता है। हाथों में मेहंदी रचती है, साड़ी, झुमके और नथ-टीका निकाले जाते हैं। इन तैयारियों के बीच, स्त्रियों का मन अपनत्व से दमकता रहता है।



### व्रत का दिन और उत्सव का चरम

व्रत वाले दिन स्त्री निर्जल रहकर भी उमंग-उत्साह से लबरेज रहती है। सुबह से ही घर का वातावरण विशेष प्रतीत होता है। हर काम, चाहे सफाई में झाड़ू लगाने का काम हो या बच्चों को तैयार करने का, पवित्र और ध्यानमग्न होकर किया जाता है। रात होते-होते घर का माहौल और भी उल्लासमय हो जाता है। बाहर चांदनी शांत और कोमल रात होती है और अंदर करवा की पूजा-पाठ, कथा कही-सुनाई जाती है। पति के मंगलमय जीवन की कामना की जाती है। जब चांद निकलता है तो वह केवल आकाशीय घटना भर नहीं रह जाता, उस क्षण स्त्री के मनाकाश में प्रेम और विश्वास का प्रतीक बनकर चांद उदित होता है। करवा के व्रत का सबसे भावपूर्ण क्षण वह होता है, जब पत्नी चांद को अर्घ्य देती है फिर पति के हाथ से जल ग्रहण करती है तो उसकी आंखों में उस क्षण प्रेम की एक अलग ही चमक होती है।

इस तरह स्त्रियों के मन और हृदय में बसी श्रद्धा और आस्था है, जो न केवल उनके जीवन को रोशन करती है, बल्कि परिवार और रिश्तों को स्थायी, आत्मीय और सजीव बनाती है। मिट्टी की खुशबू, चांद की शीतलता और लोकगीतों का मधुर स्वर, ये सब मिलकर करवा चौथ को केवल उपवास या पूजा नहीं, बल्कि संस्कृति और प्रेम का जीवंत उत्सव बना देती हैं। कहा जा सकता है कि ऐसे त्योहार, केवल आनंद के अवसर ही निर्मित नहीं करते, ये हमें समय, समुदाय और जीवन के गहरे अर्थों की याद दिलाते हैं। ये हमें प्रेम से जीना सिखाते हैं, आपस में जोड़कर रखते हैं।

---

करवा चौथ के दौरान कई महिलाओं को डिहाइड्रेशन की समस्या होने लगती है। इससे बचने के लिए आपको सरगी लेते समय ऐसे फूड्स, ड्रिंक्स को शामिल करना चाहिए, जिससे आप पूरे दिन हाइड्रेटेड-एनर्जेटिक फील कर सकें।


# व्रत के दौरान इस तरह रखें खुद को हाइड्रेट

डाइट सजेशन

निकिता चौहान

करवा चौथ पर विवाहित महिलाएं निर्जला व्रत करती हैं। इस दिन वे सूर्योदय से लेकर चंद्रोदय तक उपवास रखती हैं और अपने पति की लंबी उम्र, अच्छे स्वास्थ्य की कामना करती हैं। इस दौरान कई महिलाओं को कमजोरी महसूस होती है। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि वे खुद को प्रॉपर तरीके से हाइड्रेट नहीं रखती हैं। इस वजह से उन्हें चक्कर आने लगता है तो कुछ को मितली जैसा महसूस होता है। इन समस्याओं से बचने के लिए महिलाओं और विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं को व्रत के दौरान अपने हाइड्रेशन का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। यहां आपको खुद को हाइड्रेट रखने के तरीके बता रहे हैं।

**ऐसे करें दिन की शुरुआत:** दिन की शुरुआत 2-3 गिलास सादा पानी पीने से करें। इसके बाद सूर्योदय से पहले खाई जाने वाली सरगी में ऐसे खाद्य को शामिल करें, जिसमें पानी पर्याप्त मात्रा में हो। नारियल पानी और छाछ पी सकती हैं। इनमें इलेक्ट्रोलाइट्स होते हैं, जो शरीर को हाइड्रेटेड और ठंडा रखते हैं। चाय, कॉफी और नमकीन स्नैक्स लेने से बचें। व्रत के दौरान पानी से भरपूर फल जैसे संतरा, पपीता और खीरा आदि का सेवन कर सकती हैं। आपको भूख महसूस न हो इसके लिए सरगी में आप हेल्दी फैट्स और प्रोटीन लें। इसके लिए भीगे बादाम, दूध, दही और पनीर का सेवन कर सकती हैं।





**इन बातों का रखें ध्यान:** अगर आपको कोई स्वास्थ्य समस्या है या कमजोरी महसूस कर रही हैं तो पूरे दिन का निर्जला व्रत रखने से बचें। पूरे दिन थोड़ी-थोड़ी मात्रा में पानी पीती रहें। नारियल पानी या ओआरएस घोल भी पी सकती हैं। ठोस खाद्य के बजाय तरल पदार्थ अधिक मात्रा में लें। निराहार के बजाय फलाहार उपवास कर सकती हैं।

**थकान से बचें:** व्रत के दौरान पानी की कमी ना हो इसके लिए दिन के समय धूप और गर्मी से बचें। ज्यादा शारीरिक श्रम न करें और हल्की, ढीली ड्रेस पहनें। आराम करती रहें ताकि पसीने से पानी की कमी न हो।

**डिहाइड्रेशन के लक्षण पहचानें:** उपवास के दौरान पानी न पीने से कई महिलाओं को डिहाइड्रेशन का रिस्क रहता है। ऐसे में आपको इन लक्षणों पर ध्यान देना जरूरी है- चक्कर या हल्की बेहोशी महसूस होना, सिरदर्द, बार-बार होंठ या मुंह सूखना, थकान या चिड़चिड़ापन, यूरीन कम होना या गहरे रंग का होना। अगर ये सभी या इनमें से कोई लक्षण दिखे तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

**डॉक्टर से कंसल्ट करें:** अगर आपको कोई मेडिकल इश्यू है या आप प्रेग्नेंट हैं तो व्रत रखने का निर्णय लेने से पहले स्त्री रोग विशेषज्ञ की सलाह जरूर लें। डॉक्टर आपके ब्लड प्रेशर, शुगर लेवल और आपकी सेहत की अन्य बातों पर गौर करके आपको व्रत के दौरान सावधानी बरतने संबंधी उचित सलाह देंगी। आपको ध्यान रखना चाहिए कि हर महिला का शरीर अलग तरह का होता है। ऐसे में व्रत के दौरान क्या करना है, क्या नहीं, इस बारे में अपने डॉक्टर से जरूर बात करें।

**(मदरहुड अस्पताल, एनसीआर की कंसल्टेंट गायनेकोलॉजिस्ट डॉ. स्मिति जैन से बातचीत पर आधारित)**


---

भावनाएं / प्रस्तुतिः आरती सक्सेना

# दांपत्य जीवन में प्रेम-समर्पण का प्रतीक करवा चौथ का व्रत

दांपत्य का रिश्ता पति-पत्नी दोनों के जीवन में बहुत महत्वपूर्ण होता है। इसलिए इस रिश्ते का मधुर और मजबूत होना बहुत जरूरी है। फिल्म-टीवी की अभिनेत्रियां बता रही हैं करवा चौथ का पर्व उनके दांपत्य जीवन में क्या मायने रखता है, वे इस पर्व को कैसे मनाती हैं, इस बार उनकी क्या तैयारी है?

### यह अनोखा पर्व हमारे दांपत्य जीवन में मधुरता घोलता है: कियारा आडवाणी



अपनी शादी के बाद मैं हर वर्ष करवा चौथ पूजा पूरे विधि-विधान के साथ करती हूं, व्रत रखती हूं, अपने पति सिद्धार्थ की लंबी आयु और स्वस्थ जीवन की मंगल कामना करती हूं। इस साल भी मैं करवा चौथ व्रत रखूंगी। इसकी तैयारी मैंने अभी से शुरू कर दी है। इस बार मैं करवा चौथ के लिए स्पेशल ड्रेस या डिजाइनर साड़ी लेने वाली हूं। सिद्धार्थ के लिए भी खूबसूरत कुर्ता-पजामा खरीदूंगी। हर साल मैं करवा चौथ पर स्पेशल मेहंदी लगवाती हूं, जिसमें सिद्धार्थ के नाम का पहला अक्षर मेरे हाथ पर लिखा होता है। इस बार भी मैं ऐसी ही मेहंदी लगाने वाली हूं। रोजमर्रा की जिंदगी में मैं लाइट कलर के ड्रेस पहनना पसंद करती हूं, लेकिन करवा चौथ पर मुझे डार्क कलर पहनना पसंद है, जैसे रेड, मैरून, डार्क पिंक। पिछले साल मैंने ससुराल में करवा चौथ मनाया था, जो मेरे लिए बहुत यादगार रहा। ससुराल में करवा चौथ पर सिर्फ सिद्धार्थ ही नहीं, मेरी सासू मां और पूरा परिवार मेरा बहुत ध्यान रख रहा था। मेरी सास ने मुझे करवा चौथ की सुबह सरगी दी, जो मैंने सुबह-सुबह चार बजे खाई। इसके बाद बिना कुछ खाए-पिए करवा चौथ का व्रत रखा। रात को चांद देखकर मैंने अपना करवा चौथ का व्रत सिद्धार्थ के हाथों पानी पीकर खोला। इसके बाद हम दोनों लोग ड्राइव पर गए। सिद्धार्थ ने मुझे सरप्राइज गिफ्ट दिया, जो एक खूबसूरत मोबाइल था। करवा चौथ का व्रत मेरे लिए इसलिए भी बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि हर करवा चौथ पर हमारा रिश्ता और मजबूत होता है। यह बहुत अनोखा पर्व है, हमारे दांपत्य जीवन में मधुरता घोलता है।

### स्त्री का सुहाग उसके जीवन का एक वरदान है: भारती सिंह



जब मैं बहुत छोटी थी, शादी-शुदा महिलाओं को करवा चौथ व्रत रखते देखती थी। उनका सजना-संवरना मिलकर करवा चौथ की पूजा करना, चांद देखकर अपने पति के हाथों जल पीकर व्रत तोड़ना, ये सब मुझे बहुत भाता था। मैं सोचती थी, जब मैं बड़ी होऊंगी, शादी करूंगी तो इन महिलाओं की तरह मैं भी अपने पति के लिए ऐसे ही सज-धज कर करवा चौथ की पूजा करूंगी। उस वक्त मुझे यह नहीं पता था कि करवा चौथ का व्रत भूखे-प्यासे रहकर करना पड़ता है। शादी के बाद जब मैंने पहली बार करवा चौथ का व्रत रखा, उस वक्त पूरा दिन भूखा-प्यासा रहकर मेरी हालत बहुत पतली हो गई थी। लेकिन रात को जब चांद देखकर व्रत तोड़ा, तो एक अलग ही सुकून मिला। इसके बाद हर साल मैं पूरे दिल से करवा चौथ का व्रत रखती हूं। मेरा मानना है स्त्री का सुहाग उसके जीवन का एक वरदान है। इस बात का एहसास मुझे उस वक्त हुआ, जब मेरी लाइफ में हर्ष की एंट्री हुई। हर्ष ने मुझे इतना प्यार दिया, इतनी खुशी दी कि मैं उनके बिना जीने की कल्पना भी नहीं कर सकती। करवा चौथ के दिन मैं सुबह चार बजे उठकर सास द्वारा दी गई सरगी खाती हूं। पूरा दिन सजने-संवरने में जुटी रहती हूं, हाथों में मेहंदी से लेकर पैरों में पायल, ज्वेलरी, मेकअप, हेयर स्टाइल सब कुछ पूरे दिन चलता रहता है। इस दिन हर्ष मेरी हर बात मानते हैं, मेरे नखरे उठाते हैं। हर साल वह मेरे लिए कोई ना कोई खूबसूरत गिफ्ट लेकर जरूर आते हैं। इस बार भी मैं धूमधाम से करवा चौथ मनाऊंगी। करवा चौथ की फोटोज और वीडियो भी आप लोगों के साथ शेयर करूंगी।

---

मेकअप

सरिता गुप्ता

# ग्लिटरी-ब्राइट मेकअप से निखर उठेगी खूबसूरती

विवाहित महिलाओं का सबसे बड़ा त्योहार करवा चौथ को माना जाता है। इस दिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु के लिए निर्जल व्रत रखती हैं। इस अवसर पर बड़े चाव से सजती-संवरती भी हैं। सुंदर सी साड़ी, लहंगा, मैचिंग ज्वेलरी कैरी करती हैं, मेहंदी, महावर भी लगाती हैं। इसके साथ ही, पूजा करने के लिए वे अच्छे से मेकअप भी करना चाहती हैं। इस ऑकेजन पर आपका मेकअप स्पेशल होना चाहिए। इसीलिए यहां हम आपको बता रहे हैं ग्लिटरी-ब्राइट मेकअप के स्टेप्स।

**मॉयश्चराइजर:** मेकअप शुरू करने के पहले स्टेप में फेस पर मॉयश्चराइजर लगाएं। इससे चेहरे पर मेकअप लंबे समय तक टिका रहता है। मॉयश्चराइजर लगाने के 10 मिनट बाद बेस लगाना सही रहता है।

**कंसीलर:** अगर आपके चेहरे पर दाग-धब्बे हैं और आप उन्हें छुपाना चाहती हैं तो कंसीलर का यूज जरूर करें। साथ ही चेहरे पर चमक लाने के लिए आप प्राइमर का यूज कंसीलर से पहले करें।

**फाउंडेशन या बेस:** फाउंडेशन या बेस खरीदते समय अपनी स्किन टोन से मैचिंग जरूर कर लें। साथ ही ऐसे फाउंडेशन का सेलेक्शन करें, जो लॉन्ग-लास्टिंग हो ताकि आपका मेकअप लंबे समय तक बरकरार रहे। स्किन टोन से मैचिंग बेस को अच्छे तरीके से ब्लेंड करें। इससे फेस पर नेचुरल ग्लो आता है।



**अप्लाई करें ब्लशर:** बेस लगाने के बाद गालों पर हल्का-सा ब्लशर अप्लाई करें ताकि चेहरे पर ग्लो दिखाई दे।

**आइज मेकअप:** फेस मेकअप के बाद आइज मेकअप की बारी आती है। आंखों को सुंदर दिखाने के लिए आप अपनी ड्रेस से मैच करता हुआ लाइट ब्राउन या लाइट ग्रे कलर का आईशैडो लगा सकती हैं। आंखों का मेकअप हाईलाइट करने के लिए आप हल्की ग्लिटर वाली या शिमरी आईशैडो का यूज भी कर सकती हैं।

**मस्कारा:** मस्कारा लगाने से आपकी पलकें घनी और लंबी दिखाई देती हैं। आंखों पर मस्कारा का एक कोट लगाना काफी है। एक से अधिक कोट ना लगाएं।

**आई लाइनर:** आंखों के मेकअप को क्लीन दिखाने के लिए पतला आई लाइनर लगाएं। अगर अपने मेकअप को स्पेशल फेस्टिव टच देना चाहती हैं तो आप लाइट ब्राउन या ब्लू कलर का आई लाइनर चुन सकती हैं।

**लिपस्टिक:** मेकअप को कंप्लीट लुक देने के लिए लिपस्टिक का सही शेड चुनना बहुत जरूरी है। गलत शेड आपके मेकअप का लुक बिगाड़ सकता है। ध्यान रखें कि अगर आपने आइज मेकअप डार्क किया है तो लिपस्टिक लाइट लगाएं। होंठों को ड्राई होने से बचाने के लिए पहले लिप बाम लगाएं।

**(ब्यूटी एक्सपर्ट आरती सिन्हा से बातचीत पर आधारित)**

---

पर्व संदेश

सरस्वती रमेश

हमारे हर पर्व के पीछे कोई ना कोई बड़ा उद्देश्य होता है, उसके संदेश होते हैं। करवा चौथ भी ऐसा ही एक पर्व है। करवा चौथ पति-पत्नी के संबंध मधुर और मजबूत बनाने के साथ पूरे परिवार को आपस में जोड़ता है।

# करवा चौथ के अवसर पर बनें प्यार-परंपरा के साक्षी

दांपत्य, एक अनूठा रिश्ता है, ऐसा रिश्ता जो एक ही रिश्ते में अनेक रिश्तों को समाहित किए है। जीवनसाथी सिर्फ पति-पत्नी के बंधन में नहीं बंधे होते, उनका रिश्ता साथ, विश्वास और सहयोग का होता है। दांपत्य का रिश्ता उस नाजुक बेल की तरह होता है, जो एक-दूसरे के सहारे से आगे बढ़ती है। कभी-कभी इस नाजुक बेल की मजबूती के लिए कुछ खास भी करना पड़ता है। वही खास अवसर है-करवा चौथ का पर्व। इस अवसर पर दांपत्य के रिश्ते को हरा-भरा और पुष्पित करने के लिए पत्नी अपने प्रेम का जल, भरोसे की खाद और समर्पण की धूप देती है। यह रिश्ता हमेशा खिला-खिला रहे, इसके लिए कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है, जैसे-



**साथ का अहसास:** करवा चौथ पर सुहागन स्त्रियां व्रत रखती हैं, लेकिन उनके लिए यह सिर्फ एक व्रत मात्र नहीं है, इस दिन वे मेहंदी, महावर, कुमकुम, मांग-टीका और तन के सारे श्रृंगार कर, दांपत्य जीवन का भी श्रृंगार करती हैं। व्रत के साथ यह सदिच्छा भी जुड़ी होती है, यह अहसास भी कि हर उम्र में, हर मोड़ पर दांपत्य की बगिया अपने सुंदरतम रूप में खिली रहे। यहां यह भी ध्यान देने वाली बात है, स्त्री का यह सुंदर स्वप्न तभी पूरा होगा, जब उसे अपने जीवनसाथी का भरपूर प्यार और साथ मिले। करवा चौथ इस साथ के अहसास को और गहरा करता है।

**रिश्ते में हो त्याग की भावना:** जैसा कि हम सब जानते हैं, करवा चौथ पर स्त्री अन्न-जल त्याग कर पति की लंबी आयु की प्रार्थना करती है। दांपत्य के रिश्ते को हमेशा सजीव और मधुर रखने के लिए हमें इसी तरह के त्याग की जरूरत होती है। जब रिश्ते में त्याग का भाव निहित हो, तभी दांपत्य की खुशहाली संभव है।

**पति भी रखे ख्याल:** जिस तरह किसी त्योहार का पारंपरिक और सांस्कृतिक पक्ष होता है, उसी तरह उसका व्यावहारिक पक्ष भी होता है। करवा चौथ का भी व्यावहारिक पक्ष है, यह विवाह के वक्त किए गए वचनों को आगे बढ़ाने और व्यावहारिक रूप से उन्हें जीवन में अपनाने के लिए इंगित करता है। यदि पति की लंबी आयु की कामना से पत्नी कठिन व्रत रख सकती है, तो पति को भी उसकी सेहत और मानसिक स्वास्थ्य का ख्याल रखना चाहिए।



### पूरे परिवार का उत्सव

**करवा चौथ** पूरे परिवार का उत्सव है। भले ही इसका पालन घर की स्त्रियों द्वारा होता है, लेकिन जब तक परिवार का प्रत्येक सदस्य इसमें शामिल न हो, तब तक इस त्योहार को मनाने का अर्थ परिपूर्ण नहीं होता। करवा चौथ का पर्व परिवार के लोगों को आपस में जोड़ता है, हंसी-मजाक और आत्मीयता के नए अवसर सुलभ करता है। सारी स्त्रियां मिलकर मेहंदी लगाती हैं, श्रृंगार करती हैं, गीत गाती हैं, दिल खोलकर हंसती हैं। घर में पकवान बनते हैं, बच्चे खुश होकर घर में डोलते हैं। यही तो त्योहारों को मनाने का उद्देश्य है कि हर ओर उमंग-उल्लास फैले, रंग और उजास फैले।

## खबर संक्षेप

### बलवान सुहाग बने इनेलो के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

**रोहतक।** इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी ने संगठन में वस्तिार करते हुए सोमवार को कई अहम पदों पर नियुक्तियां की है। इनेलो के मीडिया प्रभारी एडवोकेट कृष्ण कौशिक ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा ने इनेलो सुप्रीमों अभय सिंह चौटाला से विचार विमर्श करके बलवान सुहाग को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, जिला परिषद के वाईस चेयरमैन अनिल हुड्डा को राष्ट्रीय सचिव, मंजीत कन्हेली को प्रदेश सचिव व खरावड गांव के पूर्व सरपंच बिजेन्द्र मलिक को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया है। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने इनेलो सुप्रीमों अभय सिंह चौटाला व प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा का आभार व्यक्त किया।

### सांघी गांव में लगा निःशुल्क फिजियोथेरेपी शिविर

**रोहतक।** ग्रामीणों के स्वास्थ्य की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए मां दानो देवी धर्मार्थ ट्रस्ट द्वारा संचालित विमल प्रसाद जैन एवं सुशीला देवी जैन फिजियोथैरेपी सेंटर की ओर से सांघी गांव में एक निशुल्क फिजियोथेरेपी कैंप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर अपने जोड़ों, कमर व हड्डियों से जुड़ी समस्याओं की जांच करवाई। कैंप में कुल 54 मरीजों ने जांच करवाई। इनमें से कई मरीज गठिया, जोड़ों के दर्द, कमर दर्द और मांसपेशियों की जकड़न जैसी समस्याओं से पीड़ित थे।

### जनता से किए वादों को पूरा करे सरकारः अड़ीचन्द

**रोहतक।** कांग्रेस नेता अड़ीचन्द निम्बडिया ने कहा है कि जनता से किए गए वादों को सरकार जल्द पूरा करे। बयान में उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति, जनजाति व पिछड़े वर्गो के छात्र व छात्राएं को शिक्षा क्षेत्रों में 90 से 100 प्रतिशत तक अंक प्राप्त करते हैं। उन छात्र व छात्राओं को कम से 5 हजार रुपये प्रति माह की आर्थिक मदद की जाए। जिससे उन छात्र व छात्राओं का मनोबल बढ़े और भविष्य में तरक्की करें। अनुसूचित जाति व जनजाति एवमं पिछड़े वर्ग, वंचित समाज की नियुक्तियों में बैकलॉग को जल्द पूरा करना चाहिए।

### वाल्मीकि जयंती पर महम में कार्यक्रम आज

**महम।** संत महापुरूष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना के तहत महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर 7 अक्तूबर को प्रातः10 बजे बीडीपीओ कार्यालय महम में उपमंडल स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में भाजपा नेता दीपक निवास हुड्डा मुख्य अतिथि होंगे।

### विकास भवन में आज होंगे कार्यक्रम

**रोहतक।** महर्षि वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य में मंगलवार 7 अक्टूबर को सुबह 10 बजे जिला विकास भवन में जिला स्तरीय समारोह का आयोजन किया जाएगा, जिसमें महापौर रामअवतार वाल्मीकि मुख्यातिथि होंगे। इसके अलावा उपमंडल स्तर/विधानसभा स्तर पर भी महर्षि वाल्मीकि जयंती कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस मौके पर कई गणमान्य मौजूद रहेंगे।

### किला रोड पर चल रहे मरम्मत कार्य से लोगों की बढ़ीं दुश्वारियां

# बरसात से रेलवे और किला रोड पूरी तरह हुआ जलमग्न, ग्राहकों को हुई परेशानी

- जलभराव होने से ग्राहक बाजारों में परेशानी से गुजरे
- बिजली आपूर्ति ठप होने से भी भी बढ़ीं लोगों की मुश्किले

मौसम के अचानक बदले मिजाज से आंधी के साथ हुई तेज बारिश ने शहर की व्यवस्था पूरी तरह से चौपट करके रख दी, कई जगह बिजली की सप्लाई बाधित होने से लोगों को घंटों अंधेरे में रहना पड़ा तो कई स्थानों पर जलभराव होने से आने-जाने में हुई परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर में हुई लगातार बारिश के कारण रेलवे रोड और किला रोड पर जलभराव की स्थिति बन गई है, जिससे यहां आवागमन करने वाले ग्राहकों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई दुकानों और व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के बाहर पानी खड़ा होने के कारण ग्राहकों का आना-जाना प्रभावित हो गया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि बारिश का पानी सड़क पर जमा होने के कारण सड़क पर चलना मुश्किल हो गया है। इसके अलावा कई दुकानदारों को अपने माल और स्टॉक को सुरक्षित रखने में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पानी भरने से सड़क पर वाहन चालकों का चलना भी जोखिम भरा हो गया है, जिससे जाम और दुर्घटना की संभावना बढ़ गई है। नगर निगम और संबंधित विभागों की ओर से अभी तक जल निकासी की कोई प्रभावी व्यवस्था नहीं की गई है। व्यापारियों और राहगीरों ने प्रशासन से तत्काल कार्यवाही करने और जलभराव को हटाकर सड़क को सामान्य स्थिति में लाने की मांग की है। ग्राहकों ने बताया कि यदि जलभराव की समस्या लगातार बनी रही, तो व्यापार और दैनिक आवागमन प्रभावित होंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रशासन जल्द ही जल निकासी की व्यवस्था और साफ-सफाई सुनिश्चित करें।



रोहतक। किला रोड पर पानी ही पानी। फोटो: हरिभूमि

#### गोहाना रोड पर हुआ जलभराव

गोहाना रोड पर टीबी अस्पताल के बाहर, रेडियो स्टेशन के पास सैनी स्कूल रोड, पालिका बाजार के पास, तहसील रोड, डी पार्क, मॉडल टाउन आदि एरिया में छोटी सी बरसात में ही जलभराव हो जाता है। जिससे लोगों को परेशानी हुई।

#### खास बातें

- रेडियो स्टेशन के पास सैनी स्कूल रोड भी पर भरा पानी, तहसील रोड और डी पार्क भी जलमग्न



रोहतक। रेलवे रोड पर पानी ही पानी। फोटो: हरिभूमि

## मानव सेवा ही सबसे बड़ी सेवा, चौ. लखीराम आर्य जगन्नाथ आश्रम बना मासूम बालिका का सहारा



**रोहतक।** मानव सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है, इस वाक्य को साकार करते हुए चौ. लखीराम आर्य जगन्नाथ आश्रम ने एक बार फिर मानवता का उदाहरण पेश किया है। आश्रम अपनी दो इकाइयों के माध्यम से लगातार जरूरतमंदों और असहायों की सेवा में कार्यरत है। इसी कड़ी में संस्था ने हाल ही में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए एक ढाई वर्षीय परित्यक्त बालिका की जिम्मेदारी उठाई है। 28 सितंबर की रात का है, जब किसी व्यक्ति ने दयानंद मठ के पास एक मासूम बच्ची को छोड़ दिया। घटना की जानकारी मिलते ही आश्रम के पदाधिकारियों ने तुरंत सक्रियता दिखाई और मामले की सूचना थाना पुरानी सब्जी मंडी में दी, जहां इसे रोजनामचा संख्या 40 के तहत दर्ज किया गया। इसके बाद मामले को बाल संरक्षण विभाग और बाल कल्याण समिति के संज्ञान में लाया गया। संस्था द्वारा बच्ची को सिविल अस्पताल में स्वास्थ्य जांच के लिए ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे पूर्णतः स्वस्थ बताया। इसके पश्चात आश्रम ने बच्ची की देखभाल की जिम्मेदारी अपने हाथों में ली और उसके भविष्य के सर्वांगीण विकास के लिए विशेष योजना तैयार की है। आश्रम के प्रधान युवराज, सुभाष सांगवान, रविंदर सिंह और राजरूप राठी ने संयुक्त बयान में कहा कि संस्था की दत्तक ग्रहण एजेंसी समाज में मानवीय मूल्यों को मजबूत करने का कार्य कर रही है। मैनेजर संदीप कुमार ने बताया कि अब बालिका आश्रम में सुरक्षित और खुश है।



रोहतक। अपनी प्रतिभा दिखाते प्रतिभागी। फोटो: हरिभूमि

### मदवि में योग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने हाल ही में छात्रों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए एक अंतर-महाविद्यालय योग प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में 30 छात्रों ने भाग लिया, जिनमें से 11 का चयन योग शिविर के लिए किया गया। खेल निदेशक शकुंतला बेनीवाल ने अपने आशीर्वाद से प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सम्मानित पदाधिकारी एमएस देसवाल, श्याम, ज्योति, उमेश और सोनिया उपस्थित थे। विभिन्न महाविद्यालयों से टीम प्रभारी वरुण कुमार, योगेश, सुमित और अशोक कुमार भी उपस्थित थे। योग प्रशिक्षक मनीष सिंह, आयोजन सचिव, समिति के सदस्यों डॉ. ज्योति, डॉ. मस्तराम और मनीष सिंह ने कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित की। विश्वविद्यालय सभी प्रतिभागियों और विजेताओं को बधाई देता है तथा योग के प्रति उनके उत्साह और समर्पण की सराहना करता है।

## नगर पालिका ने पशु अस्पताल के पास 1000 वर्ग गज भूमि कब्जा मुक्त करवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

नगर पालिका महम द्वारा पुलिस बल की सहायता लेकर नगर पालिका की भूमि पर किए गए लगभग 1000 वर्ग गज भूमि को कब्जा मुक्त करवाया गया। नगर पालिका सचिव नवीन नांदल ने जनहित में बताया कि नगर पालिका द्वारा भविष्य में भी लोगों द्वारा किए गए अवैध कब्जों को हटाने बारे नियमानुसार इस तरह की कार्यवाही की जाएगी। नगर पालिका द्वारा जल्द ही मॉडल स्कूल के साथ लगती भूमि, शहीद मुकेश पार्क के साथ लगती भूमि को भी जल्द ही कब्जा मुक्त करवाया जायेगा। नपा सचिव ने नगर पालिका महम के निवासियों से अपील कि है कि नगर पालिका की भूमि पर व रोड के साथ लगते नालों पर किए गए अवैध कब्जे को लोग स्वयं अपने स्तर पर हटा लें अन्यथा नगर पालिका उन्हें हटाएगी। इस दौरान होने वाले नुकसान के लिए कब्जाधारी स्वयं जिम्मेवार होंगे। इस मौके पर नगर पालिका सचिव नवीन नांदल ,कनिष्ठ अभियंता अनिल कुमार, भवन निरीक्षक मुकेश कुमार, लेखाकार विनोद कुमार, सफाई निरीक्षक ब्रह्मजीत, क्लर्क तीरथ राम, बलराज, आशीष, सुपरवाइजर सतीश व नवीन सहित कई सफाई कर्मचारी मौजूद थे।



महम। पशु अस्पताल के साथ लगती नपा की जमीन से अवैध कब्जा हटवाते नगर पालिका अधिकारी। फोटो: हरिभूमि

## पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय कॉलेज में हुई प्रतियोगिताओं में छात्राओं का शानदार प्रदर्शन

- प्रतियोगिताओं में 150 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया
- विजेता छात्राओं को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय में सोमवार को महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में महिलाओं की शिक्षा और सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। इस अवसर पर पोस्टर मेकिंग, कोलाज, स्लोगन राइटिंग और निबंध लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रपति अवॉर्डी प्राचार्य डॉ. लोकेश बल्हारा ने किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि समाज में वास्तविक प्रगति तभी संभव है जब महिलाएं शिक्षित और आत्मनिर्भर हों। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे शिक्षा के माध्यम से समाज में समानता और जागरूकता का संदेश फैलाएं। प्रतियोगिताओं के समापन पर प्राचार्य डॉ. लोकेश बल्हारा ने विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



रोहतक। विजेता प्रतिभागियों के साथ कॉलेज स्टाफ। फोटो: हरिभूमि

#### विजेता प्रतिभागियों को दी शुभकामनाएं

महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका डॉ. रेनू राणा ने बताया कि महाविद्यालय में समय-समय पर इस प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया जाता है ताकि छात्राओं को प्रेरित किया जा सके और उनमें आत्मविश्वास का विकास हो। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल एक नारा नहीं, बल्कि समाज सुधार का आधार है। प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय के लगभग 150 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। निर्णायक मंडल में डॉ. अंकिता, डॉ. रुचिका और डॉ. ज्योति ने अपनी भूमिका

## समाधान शिविर में सुनीं फरियादियों की शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

प्रशासन द्वारा नागरिकों की शिकायतों की सुनवाई के लिए लघु सचिवालय स्थित सभागार में समाधान शिविर आयोजित किया गया। जिला मुख्यालय के अलावा उपमंडल मुख्यालयों पर भी समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। जिला मुख्यालय स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में नगराधीश अंकित कुमार, डीएमसी जितेंद्र सिंह, जिला राजस्व अधिकारी प्रमोद चहल, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल ने नागरिकों की शिकायतों की सुनवाई की तथा संबंधित विभागों के मौके पर उपस्थित अधिकारियों को शिकायतों के निपटारे बारे निर्देश दिए। सरकार के निर्देशानुसार हर नागरिक की प्रत्येक समस्या या शिकायत का एक छत के नीचे निपटारा करने के उद्देश्य से हर सोमवार व वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक जिला मुख्यालय एवं उपमंडल मुख्यालय पर समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।





रोहतक। समाधान शिविर के लोगों की शिकायतें सुनते नगराधीश अंकित कुमार। फोटो: हरिभूमि

#### शिकायतों का शीघ्र समाधान करने के निर्देश

नगराधीश अंकित कुमार ने समाधान शिविर के दौरान लम्बित शिकायतों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को लम्बित शिकायतों एवं रि-ओपन हुई शिकायतों का शीघ्र उचित समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी समाधान शिविर, जन संवाद, सीएम विंडो एवं एसएमजीटी पोर्टल की लम्बित शिकायतों का गंभीरता से यथाशीघ्र निपटारा करें। इस अवसर पर उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के कार्यकारी अभियंता रामेंद्र मलिक, जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक वरिन्द्र सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी महाबीर गोदारा, एलडीएम महावीर प्रसाद, सांपला मार्किट कमेटी के चेयरमैन उदयभान मलिक तथा भाजपा के प्रतिनिधि एडवोकेट अंकुश बिड्डू सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## पीएनबी में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पंजाब नैशनल बैंक मण्डल कार्यालय परिसर में नराकास (नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति) की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नराकास अध्यक्ष आरजू परवीन द्वारा की गई तथा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के संयुक निदेशक कुमार पाल शर्मा उपस्थित हुए। बैठक के दौरान विभिन्न सदस्य कार्यालयों द्वारा प्रस्तुत छमाही प्रगति रिपोर्टों की समीक्षा की गई। समीक्षा के उपरांत राजभाषा हिंदी के प्रगतिशील उपयोग को और सशक्त बनाने के लिए आवश्यक सुझाव एवं मार्गदर्शन प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि राजभाषा हिंदी का प्रयोग केवल औपचारिकता न होकर कार्य संस्कृति का अभिन्न अंग बनना चाहिए। उन्होंने सभी कार्यालयों से अनुरोध किया कि वे हिंदी में कार्य निष्पादन को और अधिक प्रभावी एवं व्यवहारिक बनाएं। बैठक में सभी सदस्य कार्यालयों के प्रतिनिधियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया तथा आगामी अवधि के लिए ठोस कार्ययोजना पर सहमति व्यक्त की।



रोहतक। स्वच्छ भारत अभियान के दौरान सफाई करते विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

### मानसिक स्वास्थ्य सत्र का किया आयोजन

**रोहतक।** मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय के साइकोलॉजी विभाग में आज हैप्पीट्यूड लेबोरेटरी के सहयोग से एक महत्वपूर्ण सत्र आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विभाग के दो प्रतिष्ठित पूर्व छात्र डॉ. मंदीप, स्पोर्ट्स साइकोलॉजिस्ट, डिपार्टमेंट ऑफ स्पोर्ट्स मेडिसिन, रोहतक और अमन मलिक, काउंसलर, पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने बतौर मुख्य वक्ता शिरकत की।

सत्र के प्रारम्भ में विभागाध्यक्ष प्रो. अंजली मलिक ने स्वागत भाषण दिया। इस कार्यक्रम की संयोजक और एलुमनी सेल इंचार्ज प्रो. दीप्ति हुड्डा ने वक्ताओं का परिचय कराते हुए कार्यक्रम की विषयवस्तु पर प्रकाश डाला।

डॉ. मंदीप ने खेलकूद से जुड़े मानसिक स्वास्थ्य मुद्दों पर इंटरैक्टिव सत्र के दौरान गहन चर्चा की। उन्होंने चोट, पोस्ट-इंजुरी डिप्रेशन और प्रदर्शन दबाव जैसी चुनौतियों का सामना करने के लिए सकारात्मक और संतुलित मानसिकता बनाए रखने पर जोर दिया।

**सुविधा** | मशीन को खरीदने में 23.50 लाख रुपये का आया खर्च

# हाई बूम लिफ्ट ट्री ट्रिमिंग मशीन शुरू रोहतक में पेड़ों की छंटाई होगी आसान

हाई बूम लिफ्ट के माध्यम से 11 मीटर ऊंचाई तक आसानी से पेड़ छटाई का कार्य किया जा सकेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर निगम द्वारा शहर में हरियाली के संरक्षण और सड़कों को सुरक्षित रखने की दिशा में एक नया कदम उठाया गया है।

निगम द्वारा खरीद की गई हाई बूम लिफ्ट ट्री ट्रिमिंग मशीन का विधिवत उद्घाटन मेयर रामअवतार वाल्मिकी द्वारा किया गया। उनके साथ विशेष तौर पर भाजपा जिलाध्यक्ष रणबीर ढाका, हिमांशु ग्रोवर, कृष्ण मूर्ति हुड्डा, जितेन्द्र कुमार, संयुक्त आयुक्त मंजीत सिंह, कार्यकारी अभियंता योगराज छिकारा, सहायक अभियंता शांत सुहाग कनिष्ठ अभियंता देवेन्द्र बेनिवाल आदि मौजूद रहे। इस मशीन को खरीदने में लगभग 23.50 लाख रूपये का खर्च आया है।



रोहतक। हाई बूम लिफ्ट ट्री ट्रिमिंग मशीन का विधिवत उद्घाटन करते मेयर रामअवतार वाल्मीकि। फोटो: हरिभूमि

#### ऊंचे पेड़ों की होगी छंटाई : मेयर

मेयर रामअवतार वाल्मिकी ने बताया कि इस मशीन की खरीद ऊंचें पेड़ों की छंटाई और कटिंग के लिए विशेष रूप से खरीद की गई है। हाई बूम लिफ्ट के माध्यम से 11 मीटर ऊंचाई तक आसानी से कार्य किया जा सकता है। मशीन के माध्यम से सड़क किनारे लटकती शाखाओं को हटाया जाएगा, जिससे यातायात सुचारू रहेगा और दुर्घटनाओं की आशंका कम होगी। इसके अतिरिक्त बिजली के तारों के आसपास से पेड़ों की कटिंग अब आसानी से की जा सकेगी। मशीन से काम होने पर कम समय और कम मानव-श्रम लगेगा। नगर निगम आयुक्त डॉ आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि रोहतक शहर को स्वच्छ, सुरक्षित और हराभरा बनाए रखने में यह मशीन महत्वपूर्ण भमिका निभाएगी। इससे न केवल पेड़ों की उचित छंटाई होगी बल्कि शहर की सुंदरता में भी वृद्धि होगी। इस मशीन के आने से अब बरसात और आंधी-तूफान के समय गिरती शाखाओं से होने वाले खतरे से लोगों को राहत मिलेगी। साथ ही, शहर की सड़कों को साफ-सुथरा और व्यवस्थित बनाए रखना और भी आसान होगा।

### राजकीय महिला कालेज में की सफाई

**रोहतक।** राजकीय महिला महाविद्यालय लाखन माजरा में सोमवार को स्वच्छ भारत अभियान के तहत एक प्रेरणादायक श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और सामूहिक जिम्मेदारी की भावना को प्रोत्साहित करना रहा। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या इंदु सपरा के मार्गदर्शन में सभी विभागों के अध्यापकगण, गैर-शिक्षण कर्मचारी और छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे कॉलेज परिसर में सफाई अभियान चलाया गया, जिसमें छात्राओं ने कक्षाओं, प्रयोगशालाओं, बगीचों, सेमिनार हॉल और प्रशासनिक ब्लॉक की सफाई कर स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने न केवल परिसर को स्वच्छ बनाया, बल्कि सभी को यह संदेश भी दिया कि स्वच्छता केवल एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि यह हमारी संस्कृति और कर्तव्य का प्रतीक है।

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
- ICU Staff 6
- PRO/Marketing Executive 6
- MRI Technician 2
- Computer Operator (Male) 2
- Computer Operator (Female) 2

नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

खबर संक्षेप



## वाल्मीकि के दिखाए मार्ग पर चलने का आह्वान

**रोहतक।** गांव बोहर के भोपान पाना स्थित महर्षि वाल्मीकि मंदिर में सोमवार को भगवान वाल्मीकि का प्रकट उत्सव श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष सुखबीर चंदेलिया ने मंदिर में पहुंच कर मत्था टेका और सभी से भगवान वाल्मीकि के दिखाए राष्ट्र हित के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने रामायण की रचना कर दुनिया को मर्यादापुरुषोत्तम श्रीराम के जीवन का वर्णन किया। जिससे दुनिया सदकर्मों के साथ ही राष्ट्र हित की प्रेरणा मिलती है। इस अवसर पर समाज के तमाम लोग मौजूद रहे और सभी ने भगवान वाल्मीकि के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा भाव प्रकट किया।

### धान खुले में भीग रहा, मंडियों में खरीद न होने से किसान परेशान

# बरसात व सरकारी खरीद की कमी ने किसानों का संकट बढ़ाया

प्रशासन की तरफ से फसल को सुरक्षित रखने के लिए शेड या अन्य उचित इंतजाम नहीं हुए

*किसानों का कहना है कि धान की ढेरी खुले में पड़ी हुई हैं, जो लगातार बरसात में भीग रही हैं और धीरे-धीरे खराब होने लगी हैं। मंडियों में किसान 10-12 दिन से फसल लेकर बैठे हुए हैं, लेकिन कोई भी सरकारी एजेंसी उनकी फसल खरीदने नहीं आ रही।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

जिले के किसानों के लिए इस साल की धान की फसल पर आफत बनकर बरसात और सरकारी खरीद की कमी आ गई है। पहले ही इस साल फसल सामान्य से कम हुई थी, अब उसे मंडियों में सरकारी खरीद के अभाव में खुले आसमान के नीचे रखा जा रहा है, जिससे किसानों को दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। किसानों का कहना है कि धान की ढेर खुले में पड़ी हुई हैं, जो लगातार बरसात में भीग रही हैं और धीरे-धीरे खराब होने लगी हैं। प्रशासन की तरफ से फसल को सुरक्षित रखने के लिए शेड या अन्य उचित इंतजाम नहीं किए गए हैं। वहीं, मंडियों में किसान 10-12 दिन से फसल लेकर बैठे हुए हैं, लेकिन कोई भी सरकारी एजेंसी उनकी फसल खरीदने नहीं आ रही।



#### धान खरीद व्यवस्था में सुधार करे सरकार

*किसानों का कहना है कि सरकारी खरीद न होने से उनकी मेहनत और फसल दोनों बर्बाद हो रहे हैं और निजी एजेंसियों द्वारा कम दाम में खरीदारी उन्हें गंभीर आर्थिक नुकसान पहुंचा रही है। किसान चाहते हैं कि सरकार तुरंत धान खरीद व्यवस्था में सुधार करें, ताकि फसल नष्ट न हो और किसानों को उनके उचित दाम मिल सकें।*

#### नहीं किए गए इंतजाम

किसानों की मांग है कि सरकारी एजेंसी मंडियों में तत्काल धान की खरीद शुरू करे, शेड या सुरक्षित जगह का प्रबंध करे, ताकि फसल बारिश से सुरक्षित रहे। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया कि धान खरीद का सही रेट सुनिश्चित किया जाए और प्राइवेट एजेंसियों द्वारा बेकार में कम दाम देने से रोकथाम की जाए। इस साल की फसल पहले ही कम रही है, और अब बरसात और खरीद व्यवस्था की कमी ने किसानों की स्थिति को और कठिन बना दिया है। यदि जल्दी कदम न उठाए गए, तो धान का बड़ा हिस्सा नष्ट हो सकता है और किसानों को बड़ा आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। किसानों की चिंता सही है कि सरकार और प्रशासन को तुरंत कदम उठाने होंगे, ताकि मेहनत की कमाई सुरक्षित रहे और जिले के किसानों को इस कठिन समय में राहत मिल सके।



## डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल में वैदिक संस्कार पुण्यमास का शुभारंभ

**रोहतक।** डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल दिल्ली रोड में आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि उपसभा, हरियाणा के तत्वावधान में वैदिक संस्कार पुण्यमास का शुभारंभ 6 अक्तूबर से हुआ। यह आयोजन 29 अक्तूबर तक चलेगा। कार्यक्रम के प्रथम दिवस विद्यालय में कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों द्वारा वैदिक परंपरा के अनुरूप हवन का आयोजन किया गया। हवन यज्ञब्रह्मा बृजकिशोर शास्त्री व जितेन्द्र शास्त्री के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रधानाचार्य शंकर लाल तथा वरिष्ठ माध्यमिक शाखा की इंचार्ज अनीता शर्मा मुख्य यजमान रहे। विद्यालय परिसर में वैदिक मंत्रों की गूंज और विद्यार्थियों की श्रद्धा ने वातावरण को पूर्णतः पवित्र बना दिया। मुख्य यजमान एवं वक्ता प्राचार्य शंकर लाल ने अपने प्रेरणादायक सम्बोधन में कार्तिक मास का आध्यात्मिक महत्व बताया। उन्होंने कहा कि संसार की उत्पत्ति शरद ऋतु से हुई है और इस ऋतु का हमारे जीवन से गहरा संबंध है। वेदों में कहा गया है जीवेत शरदः शतम् अर्थात हमें सौ शरद ऋतुओं तक पूर्ण, स्वस्थ और उपयोगी जीवन जीने की प्रेरणा दी गई है। कार्यक्रम का समापन शांति पाठ के साथ हुआ, जिसमें सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों ने विश्व कल्याण की कामना की। विद्यालय परिवार ने बताया कि आने वाले दिनों में इस पुण्यमास के अंतर्गत विभिन्न वैदिक अनुष्ठान, प्रवचन और संस्कार कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनका उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति और नैतिक मूल्यों के प्रति आस्था और जागरूकता बढ़ाना है।

# एमबीबीएस बैच 2025 के लिए फाउंडेशन कोर्स शुरू

भावी चिकित्सकों का संस्थान में हार्दिक स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

पंडित भगवत दयाल शर्मा पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (पीजीआईएमएस) में नवप्रवेशित एमबीबीएस बैच 2025 के लिए फाउंडेशन कोर्स वर्तमान में आयोजित किया जा रहा है।

ओरिएंटेशन कार्यक्रम में निदेशक डॉ. एसके सिंघल, डीन डॉ. अशोक चौहान, डॉ. सविता सिंघल पहुंचे। उन्होंने भावी चिकित्सकों का संस्थान में हार्दिक स्वागत किया। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष बायोकैमिस्ट्री विभाग डॉ. सिम्मी खर्ब सहित अन्य फैकल्टी सदस्य, सीनियर रेज़िडेंट्स, ट्यूटर और जूनियर रेजिडेंट्स भी उपस्थित रहे।




**रोहतक।** शपथ लेते नवप्रवेशित एमबीबीएस विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभी गणमान्य व्यक्तियों ने छात्रों को चिकित्सा के इस महान पेशे में करुणा, अनुशासन और समर्पण के मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि वे अपने चिकित्सा अध्ययन के दौरान समग्र शिक्षा और व्यावसायिक नैतिकता पर ध्यान केंद्रित करें।

समारोह के दौरान छात्रों ने "नशा मुक्ति" और "एंटी-रैगिंग" की शपथ ली, जिससे उन्होंने सुरक्षित और सम्मानजनक कैंपस वातावरण बनाए रखने का संकल्प दोहराया। फाउंडेशन कोर्स का उद्देश्य छात्रों को एमबीबीएस पाठ्यक्रम में सुगमता से प्रवेश दिलाना है। इस कार्यक्रम में प्रोफेशनल एथिक्स, संचार कौशल, टीम वर्क, समय प्रबंधन, तनाव प्रबंधन और मानसिक स्वास्थ्य पर सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त, छात्रों को कंप्यूटर साक्षरता, स्किल लैब प्रशिक्षण, योग, खेलकूद और सह-पाठयक्रम गतिविधियों से भी परिचित कराया जा रहा है ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सके। फाउंडेशन कोर्स का समापन समारोह एवं व्हाइट कोट सेरेमनी 16 अक्टूबर 2025 को कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित की जाएगी। यह अवसर एमबीबीएस बैच 2025 के औपचारिक रूप से चिकित्सा परिवार में सम्मिलन का प्रतीक होगा।

# बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में 'विकसित भारत' विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में सांस्कृतिक समिति द्वारा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) एचएल वर्मा के मार्गदर्शन और छात्र कल्याण अधिष्ठाता (डीएसडब्ल्यू) डॉ. सुधीर मलिक के निर्देशन में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम यूजीसी के निर्देशानुसार आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों ने "विकसित भारत" विषय पर अपने विचारों को कला के माध्यम से अभिव्यक्त किया।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में सृजनात्मकता, राष्ट्र निर्माण के प्रति जागरूकता और अभिव्यक्ति की क्षमता को प्रोत्साहित करना रहा। मानविकी संकाय के अधिष्ठाता प्रो. (डॉ.) बीएम यादव ने विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए पोस्टरों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों की कल्पनाशक्ति को नई दिशा देते हैं। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. प्रमिला और सह-संयोजक डॉ. कोमल ने छात्रों को विषय के प्रति संवेदनशील रहते हुए रचनात्मकता प्रदर्शित करने के लिए प्रेरित किया। सांस्कृतिक सचिव डॉ. सुमन राठी ने कहा कि विद्यार्थियों की कला में न केवल सौंदर्य झलकता है बल्कि उनमें एक सशक्त भारत के निर्माण की सोच भी दिखाई देती है। एनएसएस कोऑर्डिनेटर डॉ. मंजीत कुमार ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन में सहयोग प्रदान किया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह से भाग लिया। नैंसी, कीर्ति, दीक्षा, रितु, पलक, ऋतु रानी, साक्षी, राखी, योगेश, कनिका, तमन्ना, अश्विनी, आयुष, उत्सव और मोनिका सहित कई छात्रों ने अपने पोस्टरों के माध्यम से विकसित भारत का स्वप्न साकार रूप में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में डॉ. सुधीर मलिक, भाषा विभागाध्यक्ष डॉ. सोमवीर, डॉ. बाबूराम, डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. अतुल और डॉ. सुशील सहित कई शिक्षकों की उपस्थिति रही।



## गणित विभाग में एम्प्लॉयबिलिटी एनहांसमेंट स्किल्स कार्यशाला का हुआ शुभारंभ

**रोहतक।** मदवि गणित विभाग में करियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के सहयोग से नंदी फाउंडेशन और महिंद्रा प्राइड क्लासरूम द्वारा एम्प्लॉयबिलिटी एनहांसमेंट स्किल्स पर एक साप्ताहिक कार्यशाला आज प्रारम्भ हुई। यह कार्यशाला विशेष रूप से एमएससी.अंतिम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए 6 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक आयोजित की जा रही है। कार्यशाला का उद्घाटन डीन इंटरडिसिप्लिनरी स्टडीज़ प्रो. राजीव कुमार ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को समय प्रबंधन और कार्यशाला में सक्रिय भागीदारी की अहमियत पर जोर देते हुए कहा कि यह अवसर न केवल कौशल विकास का है, बल्कि जीवन भर सीखने की मानसिकता को भी विकसित करने का सुनहरा अवसर है। गणित विभागाध्यक्ष प्रो. सुमित गिल ने स्वागत भाषण में कहा कि एम्प्लॉयबिलिटी स्किल्स सिर्फ नौकरी पाने की योग्यता नहीं, बल्कि स्वयं को हर चुनौती में सक्षम बनाने की कला है। उन्होंने महिंद्रा प्राइड क्लासरूम के विशेषज्ञ वक्ताओं रविंदर सिंह और जयदीप मल्होत्रा का विद्यार्थियों से परिचय कराया। कार्यशाला का समन्वयन प्रो. सविता राठी, डॉ. मीनाक्षी हुड्डा, डॉ. मोनिका सांगवान और डॉ. नेहा ने किया।

## कम्बाइन हार्वेस्टर के साथ सुपर स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम लगाना अनिवार्यः डीसी

**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा है कि सर्वोच्च न्यायालय, नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल एवं वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग की हिदायतों की अनुपालना में जिला में सभी कम्बाईन हार्वेस्टर के लिए सुपर स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम अर्थात एसएमएस लगाना अनिवार्य किया गया है। उपायुक्त द्वारा जारी आदेशों के तहत जिला में सभी कम्बाईन हार्वेस्टर को एसएमएस अनिवार्य रूप से साथ लगाना होगा। आदेशो की उल्लंघना करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। सचिन गुप्ता ने कहा है कि जिला प्रशासन द्वारा जिला में पराली जलाने की घटनाओं की धरातल पर जांच के लिए प्रवर्तन टीमें/ पराली प्रोटेक्शन फोर्स गठित की गई है। जिला में पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए उपमंडल अधिकारी नागरिक एवं पुलिस उपाधीक्षक को उपमंडल नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, जिन्हें पराली जलाने की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए विशेष हिदायतें भी जारी की गई है। अधिकारियों को पराली जलाने की घटनाओं पर निगरानी करने के साथ-साथ यह निर्देश दिए गए हैं कि धान की कटाई के लिए केवल एसएमएस युक्त कम्बाईन हार्वेस्टर को ही अनुमति दी जाए।

# बच्चों के अधिकारों की रक्षा हर समाज की प्राथमिकता होनी चाहिए : अजय

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बाल अधिकारों को नई दिशा मिली : सतीश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

जिला बाल कल्याण समिति और किशोर न्याय बोर्ड के नव नियुक्त सदस्यों ने सोमवार को अपने कार्यालय में विधिवत रूप से कार्यभार ग्रहण किया। समारोह की अध्यक्षता एडवोकेट सतीश कौशिक ने की, जिन्होंने सीडब्ल्यूसी चेयरपर्सन के रूप में कार्यभार संभाला। उनके साथ एडवोकेट आशा रानी चावला और एडवोकेट विकास अत्री ने सीडब्ल्यूसी सदस्य पद, जबकि एडवोकेट आशा शर्मा और एडवोकेट सुमित हुड्डा ने जेजेबी सदस्य पद की शपथ ली। जिला सह-मीडिया प्रभारी पं. लोकेश शर्मा ने मुख्यमंत्री नायब सैनी की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में हरियाणा में बाल कल्याण के लिए नीतिगत सुधार और जमीनी कार्य तेज गति से हो रहे हैं। बच्चों की सुरक्षा, पुनर्वास और अधिकारों की रक्षा के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

चेयरपर्सन एडवोकेट सतीश कौशिक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शिता की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में देश में बच्चों के पोषण, शिक्षा और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है।




#### हर बच्चे को न्याय, सुरक्षा और सम्मान मिले

कोषाध्यक्ष अजय बंसल ने कहा कि बच्चों के अधिकारों की रक्षा हर समाज की नैतिक और सामाजिक जिम्मेदारी है। यदि हम आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित, शिक्षित और समर्थ बनाना चाहते हैं, तो बाल कल्याण के प्रयासों में समाज, प्रशासन और राजनीतिक नेतृत्व को मिलकर काम करना होगा। सीडब्ल्यूसी सदस्य एडवोकेट आशा रानी चावला ने कहा कि बच्चों के हितों की रक्षा और उनका पुनर्वास एक संवेदनशील विषय है। हमारा प्रयास रहेगा कि हर बच्चे को न्याय, सुरक्षा और सम्मान मिले। इस मौके पर राज शर्मा, पूर्व चेयरमैन प्रतिभा सुमन, डॉ. सुरेश नांदल, पंकज भारद्वाज, वीर सिंह हुड्डा, विक्की राठौड़, ज्योत्सना रोहिल्ला आदि मौजूद रहे।



## एमडीयू में 'जन स्वास्थ्य में करियर संभावनाएं' पर प्रेरक सत्र आयोजित

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी इंस्टिट्यूट ऑफ पब्लिक हेल्थ साइंस (यूआईपीएचएस) में आज- करियर अपॉर्चुनिटीज इन पब्लिक हेल्थ विषय पर प्रेरक संवाद सत्र आयोजित किया गया। अमेरिका के नेशनल इंस्टिट्यूट्स ऑफ हेल्थसे डॉ. संदीप मित्तन ने बतौर मुख्य वक्ता इस कार्यक्रम में शिरकत की। डॉ. संदीप मित्तन ने सार्वजनिक स्वास्थ्य क्षेत्र में उभरते अवसरों और चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज वैश्विक अनुभव, अनुसंधान और बहुविषयी सहयोग इस क्षेत्र की सबसे बड़ी आवश्यकता हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा और अनुसंधान के माध्यम से समाज की सेवा के लिए प्रेरित किया। बैचलर ऑफ पब्लिक हेल्थ साइंसेज के प्रथम और तृतीय सत्र के लगभग 40 विद्यार्थियों ने इस सत्र में सक्रिय रूप से भाग लिया और करियर मार्गदर्शन, छात्रवृत्तियों व शोध अवसरों पर डॉ. मित्तन से चर्चा की। कार्यक्रम के समापन पर यूआईपीएचएस के निदेशक प्रो. मुनीष गर्ग ने डॉ. मित्तन को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके प्रेरक विचारों के लिए आभार व्यक्त किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## महम तहसील कार्यालय में अव्यस्थाएं केसीसी बनवाने वाले किसान परेशान

**महम।** महम तहसील कार्यालय में अव्यवस्थाएं फैली हुई हैं। जिस वजह से यहां आने वाले फरियादियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खरकड़ा गांव निवासी जयप्रकाश ने बताया कि वह किसान क्रेडिट कार्ड बनवाना चाहता है। इसके लिए तहसील कार्यालय से रिपोर्ट बनवानी होती है। यह रिपोर्ट खिड़की नंबर 9 पर बनाई जाती है। लेकिन वह पिछले कई दिन से तहसील कार्यालय के चक्कर काट रहा है। कई दिन से इस खिड़की पर काम करने वाला ऑप्रेटर नहीं मिल रहा। तहसीलदार और नायब तहसीलदार भी कई दिन से कार्यालय में नहीं मिलते। ऑफिस में पूछताछ करने पर पता चलता है कि तहसीलदार और नायब तहसीलदार ज्यादातर समय रोहतक ड्यूटी पर ही रहते हैं। खिड़की नंबर 9 का कर्मचारी भी कई दिन से छुट्टी पर ही चल रहा बताया जा रहा है। जयप्रकाश ने बताया कि तहसील में बाहर काम करने वाले कुछ प्राइवेट व्यक्ति सैटिंग करके तहसील में काम करवाते हैं। इसके अलावा तहसील में केवल एक ही स्टांप वेंडर है, जिस वजह से स्टांप खरीदने वालों की लंबी लाइन लगती है। एक तरफ तो सरकार सरकारी कामकाज पेपरलैस करने का दावा करती है, वहीं केसीसी की प्रक्रिया को पहले से भी जटिल बना दिया है। पिछले 15 साल की फरद मांगी जा रही हैं। केसीसी प्रक्रिया को सरल किए जाने की जरूरत है।

### निजी बैंक्वेट हॉल में उमड़ी भीड़ ने जमकर की खरीदारी

# सखी क्लब ने लगाया भव्य दीपावली फेस्टिवल

*जरूरतमंदों की मदद के लिए होगा मेले से हुई आमदनी का उपयोग*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



करवाचौथ और दीपावली के पर्व को लेकर सखी क्लब की ओर से दिल्ली रोड स्थित निजी बैंक्वेट हॉल में दीपावली फेस्टिवल आयोजित किया गया। इस मौके पर शहरवासियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला और सैकड़ों की संख्या में लोग खरीदारी के लिए पहुंचे। समारोह का शुभारंभ भगवान गणेश के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि समाजसेवी सुशील बंसल, ग्लोबल इन्फ्लुएंसर हरप्रीत सूरी, पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर, उनकी पुत्रवधू सौम्या ग्रोवर, उद्योगपति राजेश जैन व संध्या जैन तथा डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन ईनर व्हील क्लब दीपिका, एसपी गोहाना सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

सखी क्लब की प्रधान सिल्की बंसल ने बताया कि इस एग्ज़ीबिशन में डिज़ाइनर वूमेन्स और किड्स के ट्रैडिशनल व हैंडमेड आइटम, होम डेकोरेशन प्रोडक्ट्स, ज्वेलरी, फुटवियर, लहंगा-चुन्नी सूट, और कारपेट की विशेष प्रदर्शनी लगाई गई। इसमें लखनऊ, पंजाब, दिल्ली, सूरत और कोलकाता सहित कई राज्यों से व्यापारी शामिल हुए। राजस्थान, दिल्ली, गुजरात और पंजाब की पारंपरिक झलक से सजे स्टॉल आकर्षण का केंद्र रहे। पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए क्लब ने नो टू प्लास्टिक मुहिम के तहत हर स्टॉल पर स्टील फ्लास्क वितरित किए। कार्यक्रम में उमड़ी भीड़ ने खरीदारी और स्वादिष्ट व्यंजनों का भरपूर आनंद लिया।

#### जरूरतमंदों की सहायता करना मुख्य उद्देश्य

क्लब की प्रधान सिल्की बंसल ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंदों की सहायता करना है। मेले और प्रदर्शनी से प्राप्त मुनाफे का उपयोग गरीब लड़कियों की शादी, हेल्थ चेकअप कैंप, स्कूलों में बच्चों की फीस व अध्ययन सामग्री देने और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए किया जाएगा। उन्होंने कहा कि क्लब का लक्ष्य समाज में सेवा और सहयोग की भावना को प्रोत्साहित करना है। इस अवसर पर पूजा बंसल, पूर्णिमा बंसल, सालोनी बंसल, सोलोनी कालड़ा, प्रीति बंसल, प्रियंका बंसल, कृतिका डाबरा, रश्मि बंसल, सोनम बंसल, नित्या नागपाल, साक्षी और मीडिया प्रभारी राजीव जैन सहित सखी क्लब के सभी सदस्य उपस्थित रहे।